आईएलएंडएफएस डेट फंड में 7.50 बिलियन की वृद्धि दर्ज

लखनऊ, 16 दिसम्बर। आईएलएंडएफएस इन्फ्र एसेट मैनेजमेंट लिमिटेड आईआईएएमएल, जो आईएलएंडएफएस डेट फंड आईआईडीएफ के प्रबंधन के लिए आईएलएंडएफएस फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड आईएआईएन द्वारा प्रवर्तित है, ने फंड की पहली क्रमशः 5, 7 और 10 वर्षो वाली क्लोज एंडेड योजना, आईआईडीएफ सीरीज 1ए, 1बी, और 1सी में 7.50 बिलियन की वृद्धि दर्ज की है।इस समापन के साथ ही फंड देश की पहली ऐसी आईडीएफ हो गई है जिसने सफलतापूर्वक निवेशकों के फंड को बढ़ाया है। इस अवसर पर बोलते हुए आईएलएंडएफएस समूह के अध्यक्ष रवि पार्थसारथी ने कहा, ''आईएलएंडएफएस आईडीएफ भारत में इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र के विकास के लिए आईएलएंडएफएस समूह के प्रयासों का एक महत्वपूर्ण भाग है।